**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 26.08.2026 (सुबह – 0830 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड कैबिनेट ने 100 विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय बनाने की दी मंजूरी, चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति आयु 67 से घटकर 65 वर्ष करने का फैसला।**
2. **इन्फ्लूएंजा को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, मौसमी इन्फ्लूएंजा को लेकर सरकार सतर्क, निगरानी नेटवर्क से रखी जा रही नजर।**
3. **हर्षोल्लास के साथ आज मनाया जा रहा ईद–ए–मिलाद–उन–नबी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी शुभकामनाएं।**
4. **राज्य के कई जिलों में अगले दो दिनों तक भारी बारिश का पूर्वानुमान, मौसम विभाग के अनुसार 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं।**

**और**

5. **भारत के ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानंदा ने ग्रैंड चेस टूर के अंतिम चरण के फाइनल में बनाई जगह, सेमीफाइनल में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराया।**

****************************

झारखंड मंत्रिपरिषद ने कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी है। बैठक में राज्य के 100 विद्यालयों को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में विकसित करने के लिए सात अरब 21 करोड़ 43 लाख 25 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। साथ ही झारखंड स्वास्थ्य सेवा के गैर–शैक्षणिक चिकित्सकों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति आयु 67 से घटाकर 65 वर्ष करने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट सचिव ने बताया कि गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की मार्गदर्शिका में संशोधन को भी स्वीकृति दी गई।

****************************

सरकार देश में मौसमी श्वसन संबंधी बीमारियों के रुझानों पर निगरानी रख रही है। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कहा कि वर्तमान में फैल रहे इन्फ्लूएंजा वायरस सामान्य मौसमी पैटर्न के अनुरूप हैं और किसी नए खतरे के संकेत नहीं मिले हैं। इन्फ्लूएंजा के सामान्य लक्षणों में बुखार, खांसी, गले में खराश, सिरदर्द, बदन दर्द, थकान और कमजोरी शामिल हैं।

****************************

भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा के हजारीबाग पहुंचने पर छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने झारखंड सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि निर्दोष छात्रों पर एफआईआर करना बंद किया जाए। महतो ने कहा कि छात्रों को डराने–धमकाने के बजाय भर्ती व्यवस्था में सुधार और परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि छात्रों की मांगों का समाधान होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

****************************

रांची में भाजपा झारखंड प्रदेश कोर कमेटी की बैठक में राज्य के राजनीतिक हालात और छात्रों के खिलाफ सरकार के रवैये पर चिंता जताई गई। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष की जनसेवा के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। इसमें जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाई जाएगी।

****************************

ई–श्रम पोर्टल के शुभारंभ के आज पांच वर्ष पूरे हो गए हैं। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने 2021 में इसे शुरू किया था। पोर्टल पर अब तक 31 करोड़ 89 लाख से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। यह 15 सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं को एक मंच पर उपलब्ध कराता है।

****************************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण के तहत कल 59 मतदान केंद्रों पर नोटिस प्राप्त मतदाताओं की सुनवाई हुई। इस दौरान मतदाताओं के दावों और प्रस्तुत दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। सुनवाई में 12 मान्य दस्तावेजों में से किसी एक के जरिए पात्रता प्रमाणित करने का अवसर दिया जा रहा है।

*****************************

पैगंबर हजरत मुहम्मद का जन्मदिन, ईद ए मिलाद–उन–नबी, आज राज्य सहित देश के विभिन्न भागों में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस सिलसिले में मिलाद जुलूस भी निकाले जा रहे हैं। इसे लेकर राजधानी रांची सहित अन्य जिलों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईद ए मिलाद–उन–नबी के अवसर पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी हैं।

*****************************

सरायकेला–खरसावां जिले में यूपीआई रोजमर्रा के लेनदेन का अहम माध्यम बन गया है। बाजारों में सब्जी, चाय और अन्य सामान की खरीदारी से लेकर बड़े भुगतान तक लोग यूपीआई का इस्तेमाल कर रहे हैं। छोटे दुकानदार भी क्यूआर कोड से भुगतान स्वीकार कर रहे हैं। कारोबारियों के अनुसार, यूपीआई से लेनदेन आसान, तेज और सुरक्षित हुआ है तथा नकदी और खुले पैसे की समस्या कम हुई है।

*****************************

साहिबगंज के तलझारी वन क्षेत्र अंतर्गत केंदबरिया गांव में वृक्ष रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को वृक्षों के महत्व के प्रति जागरूक करना और वन संरक्षण का सामूहिक संकल्प दिलाना था। प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन प्रसाद और वन क्षेत्र पदाधिकारी पंचम दुबे ने ग्रामीणों को वृक्षों के महत्व की जानकारी दी। अधिकारियों ने पर्यावरण संतुलन और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य सुनिश्चित करने में सहयोग की अपील की।

*****************************

चतरा में नाबालिग से कथित बाल मजदूरी और मारपीट के मामले में महिला थाना प्रभारी फिरदौस नाज और एसआई पति टीपू अंसारी को निलंबित कर दिया गया है। एसपी अनिमेष नैथानी ने सीडब्ल्यूसी की शिकायत और एसडीपीओ की रिपोर्ट पर कार्रवाई की। दोनों के खिलाफ एफआईआर और विभागीय जांच शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

*****************************

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में गरज, वज्रपात और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान जताया है। आज सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, गुमला और खूंटी में कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है। वहीं कल रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, धनबाद, चतरा और गिरिडीह में भारी बारिश की संभावना है।

*****************************

भारत के ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानंदा ने ग्रैंड चेस टूर के अंतिम चरण के फाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल में उन्होंने जर्मनी के विंसेंट कीमर को 19–9 से हराया। प्रज्ञानंदा ने रैपिड के दोनों मुकाबले और ब्लिट्ज का पहला मुकाबला जीता। फाइनल में उनका सामना अमरीका के मौजूदा चौंपियन फैबियानो कारूआना से होगा।

*****************************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

राज्य के लगभग सभी अखबारों ने कैबिनेट की बैठक की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर और दैनिक भास्कर ने लिखा है– गुरूजी क्रेडिट योजना में बदलाव, जमा फीस का भी मिलेगा रिफंड।

दैनिक जागरण ने लिखा है– खुलेंगे 100 और उत्कृष्ट विद्यालय, वीबीरामजी योजना को भी मिली स्वीकृति।

हिंदुस्तान की सुर्खी है– खनन एक्ट पर शीर्ष कोर्ट जाएगी सरकार।